जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष महोदय के आदेश पत्र सं0–1740 दिनांक 28.04.2018 के अनुपालन में वॉछित आख्या

नव्य अयोध्या के विकास हेतु प्रस्तावित भूमि को सजरा प्लान पर अंकित करने हेतु जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष महोदय द्वारा समिति का गठन किया गया था । समिति के निम्न लिखित सदस्यों द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया है :–

1	श्री मुन्ना लाल	सहायक अभि0	अयोध्या फैजाबाद विकास प्रा0
2	श्री आर0के पाण्डेय	सहायक अभि0	अयोध्या फैजाबाद विकास प्रा0
3	श्री कामेश्वर प्रसाद यादव	लेखपाल	अयोध्या फैजाबाद विकास प्रा0
4	श्री अजय भारती	लेखपाल	अयोध्या फैजाबाद विकास प्रा0
5	श्री योगन्द्र प्रसाद	मानचित्रकार	अयोध्या फैजाबाद विकास प्रा0
6	श्री राम बहादुर मिश्रा	लेखपाल	राजस्व विभाग मॉझा शहनेवाजपुर
7	श्री ओम प्रकाश तिवारी	लेखपाल	राजस्व विभाग वासूपुर सिरसा उर्फ जैसिंहपुर

नव्य अयोध्या हेतु लगभग 500 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। प्रश्नगत 500 एकड़ भूमि लखनऊ गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (बाई–पास मार्ग) पर अयोध्या के समीप राजस्व ग्राम मॉझा शहनेवाजपुर, मॉझा बरहटा व वासपुर सिरसा उर्फ जैसिंह पुर की भूमि प्रस्तावित की गई है। यह भूमि एक ओर राष्ट्रीय राज मार्ग से तथा दूसरी ओर परिक्रमा मार्ग से घिरी है जो अयोध्या के अत्यन्त समीप है। आवश्यकतानुसार बाद में भी याजना का विस्तार किया जा सकता है। ***प्रथम चरण में राष्ट्रीय राजमार्ग तथा परिक्रमा मार्ग से घिरी लगभग 100 से 120 एकड़ भूमि का प्रस्ताव तैयार किया जाना है जिसमें राजस्व ग्राम मॉझा शहनेवाजपुर, की लगभग 70 से 80 एकड़ व राजस्व ग्राम वासुपुर सिरसा उर्फ जैसिंह पुर की 30–40 एकड़ भूमि का चयन किया गया है।*** प्रश्नगत भूमि चयनित स्थल पर कुछ निर्माण भी है जिन्हे विस्तृत सर्वे के उपरान्त छोड़े जाने पर विचार किया जायेगा।

स्थल अयोध्या के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग व परिक्रमा मार्ग से आच्छादित होने के कारण योजना हेतु उपयुक्त है। चयनित स्थल का विस्तृत विवरण तथा गाटा संख्या, क्षेत्रफल एवं भू–स्वामियों का नाम आदि तैयार किया जा रहा है। सक्षम स्तर से चयनित भूमि के अधिग्रहण हेतु अनुमोदन प्राप्त होने पर स्थल की वर्तमान स्थिति की बीडियाग्राफी एवं फोटोग्राफी आदि कराया जाना उचित होगा ताकि भविष्य में मुआवजे आदि पर कोई कठिनाई न उत्पन्न हो और वर्तमान निर्माण के अतिरिक्त नये निर्माण होने की स्थिति स्पष्ट रहे। चयनित स्थल का नजरी नक्शा (सर्वे प्लान) स्वीकृतार्थ निवदित है। ताकि अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

(कामेश्वर प्रसाद यादव) लेखपाल अ0फै0वि0प्रा0	(अजय भारती) लेखपाल अ0फै0वि0प्रा0	(राम बहादुर मिश्री) लेखपाल राजस्व विभाग

(ओम प्रकाश तिवारी) लेखपाल राजस्व विभाग	(योगन्द्र प्रसाद) ड्राफ्टमैन अ0फै0वि0प्रा0	(आर0के पाण्डेय) सहा0अभि0 अ0फै0वि0प्रा0	(मुन्नी लाल) सहा0अभि0 अ0फै0वि0प्रा0

E:\rajesh\New Letter.doc